# खंभे से टकराकर नाले में गिरी बाइक, सिर में चोट से युवक की मौत

## सिटी कोतवाली क्षेत्र बाबा घाट के समीप हुई घटना, पुलिस ने देर रात दी परिजनों को सूचना

नवभारत न्यूज

**रीवा, 16 नवम्बर, रीवा शहर में बीती रात हुए भीषण हादसे में बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई. यहां बाइक खंभे से टकराने के बाद नाले में जा गिरी, जिस दौरान सिर में गंभीर चोट लगने से बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई. हादसा बीती रात सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित बाबा घाट के समीप होना बताया गया, जिसकी सूचना परिवार जनों को देर रात पुलिस से मिली है. जिसके बाद परिजन भी पहुंच गये.**

फिलहाल हादसे में मृतक की पहचान फोर्ट रोड निवासी भूपेंद्र वर्मा के रूप हुई है, जिसका पोस्टमार्टम आज सुबह कराया जाकर पुलिस ने मामले को जांच में लिया है. मृतक के परिजनों ने जानकारी देते हुए बताया कि भूपेंद्र पेशे से वाहन चालक था, जो गाड़ी खड़ी कर घर लौटा था, लेकिन गाड़ी में मोबाइल छूट जाने पर वह घर से बाइक लेकर मोबाइल लेने पुष्पराज नगर की ओर निकला तभी बाबा घाट के समीप बाइक खंभे से टकराकर नाले में जा घुसी और युवक की मौके पर ही मौत हो गई. फिलहाल पुलिस के द्वारा मृतक के शव को रात में ही पीएम के लिए संजय गांधी अस्पताल पहुंचाया गया था, जहां रविवार सुबह सुबह पंचनामा कार्यवाही उपरांत पीएम करा शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है. फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है.

### दो दिन बाद मिला धड़ से गायब सिर

मऊगंज जिले के पन्नी गांव स्थित तालाब में 2 दिन पूर्व बिना सर के मिली लाश के बाद आज तीसरे दिन धड़ से गायब सिर को आखिरकार ढूंढ लिया गया है. बताया जा रहा है कि तालाब में मिला कटा हुआ सिर पूरी तरह से कंकाल नुमा खोपड़ी में तब्दील हो चुका है. फिलहाल एसडीआरएफ टीम की मदद से गायब सर को बरामद करने के बाद पुलिस अब आगे की कार्रवाई में जुट गई है. दरअसल बीते एक माह से लापता चल रहे मऊगंज के हन्ना चौर निवासी विकास साकेत का शव शुक्रवार को पन्नी गांव स्थित तालाब में मिला था. यहां लापता युवक का मृत शरीर तो पाया गया, लेकिन उसका सर धड़ से गायब था. इधर मौत की भयावह स्थिति सामने आने के बाद परिजनों सहित ग्रामीणों का आक्रोश भड़क उठा और शुक्रवार से लेकर शनिवार तक गांव में तनाव की स्थिति निर्मित रही. परिजनो ने एक ओर जहां बिना सर के धड़ का अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया, तो वहीं पुलिस गायब कर की तलाश में जुटी रही, जिसके दो दिन बाद आज तीसरे दिन धड़ से गायब सर को एसडीआरएफ टीम की मदद से बरामद कर लिया गया है. लोगों की आशंका है कि युवक की सिर काटकर हत्या कर शव को तालाब में फेंका गया होगा. पुलिस ने कई संदेहियों को हिरासत में ले रखा है और उनसे पूछताछ की जा रही है.

# हृदय रोग से पीड़ित नवजात बच्चे को एयर एंबुलेंस से भेजा गया मुंबई

नवभारत न्यूज

**रीवा, 16 नवम्बर, मध्यप्रदेश शासन गंभीर रोगियों को बड़े अस्पतालों तक बेहतर उपचार तक पहुंचाने के लिए एयर एंबुलेंस की सुविधा दे रही है. मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा शुरू की गई इस पहल से कई गंभीर रोगियों को समय पर उपचार की सुविधा मिलने से उनके प्राणों का संकट टला है.**

रीवा में जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित नवजात शिशु प्रारब्ध तिवारी को एयर एंबुलेंस की सुविधा देकर उपचार के लिए मुंबई भेजा गया. उसे राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम से उपचार की नि:शुल्क सुविधा दी जा रही है. बच्चे के पंजीयन के बाद अब सबसे कठिन चुनौती यह थी कि एक माह का बच्चा जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित है. उसके उपचार के लिए माता प्रियंका तथा पिता शशि भूषण तिवारी निवासी ग्राम मनकहरी ब्लॉक रायपुर कर्चुलियान चिंतित थे. बच्चा हृदय रोग की अति गंभीर समस्या से पीड़ित था तथा उसका शरीर पूरी तरह से नीला पड़ चुका था. उसे सांस लेने में तकलीफ थी और आक्सीजन लेवल घट रहा था. ऐसी स्थिति में बच्चे को तत्काल मुम्बई शिफ्ट कराना था. बच्चे को ऑक्सीजन पर रखकर एयर एंबुलेंस से भेजा गया. एयर एंबुलेंस की व्यवस्था करने में डॉ राहुल मिश्रा अधीक्षक श्याम शाह मेडिकल कालेज, रवि सिंह का विशेष सहयोग रहा. सभी के सहयोग से बच्चे को समय पर मुंबई एयरलिफ्ट किया जा सका. टीम ने बच्चे को शीघ्र स्वस्थ होने की शुभकामनाओं के साथ मुंबई के लिए रवाना किया.

## संक्षिप्त

### उप मुख्यमंत्री करेंगे स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ

**रीवा.** उप मुख्यमंत्री तथा स्वास्थ्य मंत्री राजेन्द्र शुक्ल 17 नवम्बर को मऊगंज जिले के हनुमना का भ्रमण करेंगे. उप मुख्यमंत्री सुबह 9.30 बजे रीवा से प्रस्थान कर सुबह 11 बजे हनुमना पहुंचेंगे. उप मुख्यमंत्री हनुमना में मण्डी प्रांगण में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित नि:शुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का शुभारंभ करेंगे. उप मुख्यमंत्री दोपहर एक बजे हनुमना से प्रस्थान कर दोपहर 2.30 बजे रीवा पहुंचकर स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे. उप मुख्यमंत्री रात 7.45 बजे रेलवे स्टेशन पहुंचकर रेवांचल एक्सप्रेस ट्रेन से रीवा से भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे.

### कलेक्टर आज करेंगी टीएल पत्रों की समीक्षा

**रीवा.** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल 17 नवम्बर को सुबह 11 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण तथा टीएल पत्रों की समीक्षा करेंगी. बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों को उपस्थिति के निर्देश दिए गए हैं.

### कलेक्टर करेंगी समीक्षा

**रीवा.** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल 18 नवम्बर को गुढ़ विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची पुनरीक्षण की समीक्षा करेंगी. समीक्षा बैठक सुबह 10 बजे से कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम रीवा में आरंभ होगी. उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर बेक ने एसडीएम गुढ़, जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, तहसीलदार गुढ़ एवं रायपुर कर्चुलियान, परियोजना अधिकारी तथा सुपरवाइजर महिला एवं बाल विकास विभाग, सभी बीएलओ एवं ग्राम रोजगार सहायक को अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं.

### हनुमना में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर 17 एवं 18 को

**हनुमना.** मऊगंज जिले के हनुमना कस्बे में 17 और 18 नवंबर को दो दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिविर आयोजित किया जा रहा है. यह शिविर कृषि उपज मंडी प्रांगण में लगाया जाएगा, जिसमें जिला प्रशासन मऊगंज के नेतृत्व में एल.एन. मेडिकल कॉलेज एवं जे.के. हॉस्पिटल, भोपाल की विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम अपनी सेवाएँ देंगी. इस स्वास्थ्य शिविर में विभिन्न बीमारियों की जाँच, परामर्श और आवश्यक दवाइयाँ बिल्कुल नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी. विशेषज्ञ डॉक्टर हृदय रोग, हड्डी रोग, नेत्र रोग, महिला रोग, दंत जाँच, सामान्य चिकित्सा समेत अन्य गंभीर बीमारियों की जांच करेंगे. स्थानीय प्रशासन द्वारा तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है और लोगों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर का लाभ उठाने की अपील की गई है. ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों के लिए यह शिविर अत्यंत उपयोगी साबित होने की उम्मीद है.

### नगर निगम का शिविर 15 को

**रीवा.** केंद्र शासन की महत्वाकांक्षी योजना 'स्ट्रीट वेंडरों' को वित्तीय सहायता देकर आत्मनिर्भर बनाने और उनके व्यवसाय को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अधिक से अधिक वेंडरों को लाभान्वित करने हेतु नगर निगम द्वारा शिविर का आयोजन किया जा रहा है. निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे के निर्देशानुसार पीएम स्वनिधि ''स्वनिधि संकल्प अभियान'' अंतर्गत 15 नवम्बर से 21 नवम्बर 2025 तक जोनवार विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है. इस क्रम में 17 नवम्बर को तानसेन कॉम्प्लेक्स, वार्ड 17 में दोपहर 01:30 से शाम 05:30 बजे तक शिविर लगाया जाएगा. यह योजना रेहड़ी-पटरी वालों को अपने व्यवसाय को पुन: शुरू करने और वित्तीय सशक्तीकरण की ओर बढ़ने में मदद करने हेतु बिना किसी जमानत के सूक्ष्म ऋण प्रदान करती है.

### कलेक्टर मऊगंज ने मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

**मऊगंज.** मऊगंज जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का कार्य किया जा रहा है. कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार जैन ने कई मतदान केन्द्रों का निरीक्षण करके मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का जायजा लिया. कलेक्टर ने ग्राम मुदरिया चौहान, मतदान केन्द्र कोन तथा तीन अन्य मततदान केन्द्रों का भ्रमण किया. कलेक्टर ने मतदाताओं के घर-घर जाकर उनसे गणना पत्रक प्राप्त होने तथा भरे जाने के संबंध में जानकारी ली. कलेक्टर ने मतदान केन्द्र में बीएलओ द्वारा बीएलओ ऐप के माध्यम से गणना पत्रक के डिजिटाइजेशन का भी जायजा लिया. कलेक्टर ने स्वयं तीन मतदाताओं की जानकारी बीएलओ ऐप के माध्यम से डिजिटाइज की. कलेक्टर ने कहा कि गणना पत्रक सावधानीपूर्वक भरवाकर मतदाता से प्राप्त करें. प्राप्त गणना पत्रक तकनीकी दल के सहयोग से बीएलओ तत्काल डिजिटाइज करें. निरीक्षण के समय अपर कलेक्टर पीके पाण्डेय, सहायक यंत्री अंकिता सोहगौरा, बीएलओ, पटवारी तथा मतदाता उपस्थित रहे.

# गरीबों को कपड़े वितरित कर मनाई गई भगवान बिरसा मुण्डा जयंती

नवभारत न्यूज

**रीवा, 16 नवम्बर, भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती जनजातीय गौरव दिवस के रूप में देशभर में मनाई गई.**

कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित जनशिक्षण संस्थान सुदूर पहाड़ी अंचल में बसे करियाझर गांव में गरीब जनजातीय परिवारों को कपड़े वितरित करके भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती मनाई. ग्राम करियाझर में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक राजेन्द्र मिश्र ने बिरसा मुण्डा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनको नमन किया. इस अवसर पर श्री मिश्र ने कहा कि श्री बिरसा मुण्डा केवल जनजातियों के ही नहीं पूरे देश के गौरव और नायक हैं. उन्होंने अंग्रेजों के विरूद्ध संघर्ष में बढ़चढ़कर भाग लेते हुए कठोर यातनाएं झेली.

बिरसा मुण्डा ने छोटा नागपुर क्षेत्र में जनजातियों को संगठित करके अंग्रेजों के विरूद्ध सफल आंदोलन चलाया. कार्यक्रम में जन शिक्षण संस्थान के निदेशक सुनील शुक्ला ने कहा कि भगवान बिरसा मुण्डा संघर्ष और बलिदान के प्रतीक हैं. उनका जीवन हम सबको प्रेरणा देता है. आदिवासी युवा जन शिक्षण संस्थान से जुड़कर रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं.

कार्यक्रम में सीमा तिवारी, राज्यवर्धन तिवारी, राजेश मिश्रा, अर्पित कुशवाहा, अच्छेलाल वर्मा उपस्थित रहे.

# खेलों से हमें प्रतिस्पर्धा और सहयोग की प्रेरणा मिलती है : शुक्ल

नवभारत न्यूज

**रीवा, 16 नवम्बर, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने विश्वविद्यालय स्टेडियम में आयोजित स्वर्गीय भैयालाल शुक्ल टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन किया. इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा में खेलों के कई बड़े आयोजन होते रहे हैं. यहाँ के कई खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी खेल प्रतिभा की चमक दिखाई है. खेल से तन और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं. खेलों से हमें प्रतिस्पर्धा और सहयोग की प्रेरणा मिलती है.**

खेलों में शामिल होने के साथ-साथ अच्छी खेल प्रतियोगिता को देखना भी बड़ा आनंददायक होता है. राष्ट्रीय एकता मंच ने 10 से 16 नवम्बर तक क्रिकेट प्रतियोगिता का शानदार आयोजन किया. स्वर्गीय भैयालाल शुक्ल जी के लिए जो हम लोग नहीं कर पाए उसे आयोजन समिति ने करके दिखा दिया. उप मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वर्गीय भैयालाल शुक्ल का पुत्र होने पर मुझे गौरव का अनुभव होता है. मैं यदि उनका पुत्र नहीं होता तो मैं जहाँ पर हूँ वहाँ शायद नहीं होता. मेरे पिताजी के सामाजिक कार्यों और जनता की सेवा ने उन्हें यशस्वी बनाया. उनके नाम के साथ जुड़ा होने से मुझे भी बहुत प्रतिष्ठा और यश मिला. समारोह में विधायक नागेन्द्र सिंह ने कहा कि प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए मैं सभी आयोजकों को बधाई देता हूं. खेल संयम और नियम का परिचायक होते हैं. सभी प्रतियोगिताएं खेल भावना से खेली जानी चाहिए. स्वर्गीय भैयालाल शुक्ल ने सदैव खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया. समारोह में विधायक मनगवां नरेन्द्र प्रजापति, जिला भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता ने अपने विचार रखे. समारोह में आभार प्रदर्शन नगर निगम अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय ने किया. प्रतियोगिता का फाइनल मैच उड़ीसा और नोएडा के बीच खेला गया.रोमांचक मैच में उड़ीसा की टीम ने विजय प्राप्त की. उप मुख्यमंत्री तथा विधायक गुढ़ ने विजेता टीम को 10 लाख रुपए तथा ट्राफी प्रदान की. उप विजेता रेड डेविल्स नोएडा को 5 लाख रुपए तथा ट्राफी प्रदान की गई. खिलाड़ियों और निर्णायकों को भी सम्मानित किया गया. समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, राजगोपाल मिश्र मौजूद रहे.

# इंजीनियरिंग कालेज के पुरा छात्रों ने पुरानी यादों को किया ताजा

नवभारत न्यूज

**रीवा, 16 नवम्बर, ईको पार्क में शासकीय इन्जीनियरिंग कालेज रीवा के वर्ष 1996-2000 बैच के मैकेनिकल ब्रांच के सभी पुराने छात्र 25 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद एकत्रित हुए. 2000 बैच के इन्जीनियर आज 25 वर्षों के पश्चात इकट्ठा होकर सिल्वर जुबली फंक्शन मना रहे हैं.**

सभी मित्रों ने एक दूसरे को गले से लगा कर अपनेपन का एहसास कराया और पुरानी यादों में खोकर अपने संघर्षों के दिनों

की बात रखी. उन्होंने अपने बीच साथी विधायक मनगवां इन्जी. नरेन्द्र प्रजापति को आते देखा तो सभी के चेहरों पर एक गौरवशाली भाव था कि हमारे 2000 बैच का एक छात्र वर्तमान में विधायक है. मध्य प्रदेश सरकार का एक हिस्सा है. इस दौरान विधायक श्री प्रजापति ने अपने संघर्ष के दिनों को याद करते हुए उन सभी साथियों मित्रों सहयोगियों को तहे दिल से शुक्रिया धन्यवाद दिया. विधायक ने बदले और विकसित रीवा का श्रेय उसी इन्जीनियरिंग कालेज से पढ़ चुके उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला की दूरगामी सोच को दिया.

इस दौरान दुबई से इन्जी. मनोज, कानपुर से इन्जी. संतोष सिंह, सतीश शर्मा, नीरज, भोपाल से इन्जी. शिव कुमार पाठक, प्रकाश सचदेवा, बच्चन खान, दिल्ली से इन्जी. बिप्लव साहू, सौरभ, भिलाई स्टील प्लांट से इन्जी. सुरेन्द्र शाक्य, केरल से इन्जी. संजीव कृष्णन, बनारस से इन्जी. लखनलाल पटेल सहित सभी सहपाठी सहभागी रहे.

### राष्ट्र समर्पण का उत्सव 19 नवंबर को गुढ़ में

गुढ़, 16 नवम्बर, बंदे मातरम् राष्ट्रगीत के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राष्ट्र समर्पण का भव्य उत्सव 19 नवंबर को आयोजित किया जाएगा. भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के आवाहन पर यह राष्ट्रीय कार्यक्रम पूरे देश में 7 से 26 नवंबर तक देश की आन-बान-शान राष्ट्रीय ध्वज के साथ मनाया जा रहा है. कार्यक्रम के तहत भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलन व पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी. इसके बाद म्यूजिकल प्रस्तुति और संगीत के साथ सामूहिक रूप से बंदे मातरम् का गायन किया जाएगा. साथ ही देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में स्वदेशी संकल्प भी दिलाया जाएगा. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गुढ़ विधायक नागेंद्र सिंह शामिल होंगे. विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व महापौर एवं भाजपा नेत्री तथा वंदे मातरम् कार्यक्रम की जिला संयोजक श्रीमती ममता गुप्ता, भाजपा मंडल गुढ़ के अध्यक्ष एड.अनंत कुमार गुप्ता, नगर परिषद अध्यक्ष डॉ.अर्चना सिंह तथा कार्यक्रम के जिला सह संयोजक यशवर्धन सिंह और बंटी साहू उपस्थित रहेंगे. सभी से पहुंचने की अपील की गई है.

# समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गुढ़ में पीएम चालू किया जाय : जगदीश

नवभारत न्यूज

**गुढ़, 16 नवम्बर, 30 सैया वाली समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गुढ़ नगर परिषद में संचालित है. जिसमे पोस्टमार्डम (शव विच्छेदन) के लिए भवन निर्मित है.**

लेकिन गुढ़ में पी. एम. न होने से आम गरीब जनता को भारी परेशानी का समना करना पड़ता है. उक्त समस्या को लेकर गुढ़ नगर परिषद बार्ड 14 के पार्षद जगदीश गौंटिया एवं वार्ड 13 पार्षद विमला रावत ने विगत 15 नवम्बर को भगवान बिरसा मुंडा के जन्म दिवस समारोह के अवसर पर उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला को एक लिखित आवेदन सौपा है. श्री गौंटिया ने लिखित आवेदन में कहा है कि जिले के नगर परिषद गुढ़ में 30 सैया वाला समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र है तथा उसका भवन भी बना हुआ है तथा नगर परिषद गुढ़ में थाना भी है जिसका कार्य क्षेत्र 84 गांव यानी 50 कि.मी. लम्बा है. किन्तु गुढ़ स्थिति समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में पोस्टमार्डम (शव बिच्छेदन) नही होता है जबकि नगर परिषद गुढ़ से ही राष्ट्रीय राजमार्ग 39 गुजरता है जिससे औसतन प्रतिदिन दुर्घटना होती है तथा उक्त दुर्घटनाओं में मृत व्यक्तियों को पोस्टमार्डम के लिए रीवा ले जाना पड़ता है जो गरीब व्यक्ति व जनजातीय व्यक्तियों के लिए आर्थिक परेशानी बन जाती है. जल्द से जल्द गुढ़ में पीएम चालू कराया जाय.

# चाकघाट अस्पताल में नहीं मिलती दवा, बंद है एक्स रे मशीन

नवभारत न्यूज

**चाकघाट, 16 नवम्बर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चाकघाट में रोगियों के उपचार और दवा वितरण व्यवस्था अराजकता का शिकार होता जा रहा है. वर्तमान में जहां मध्य प्रदेश की सरकार उदारता पूर्वक सरकारी अस्पतालों में निशुल्क दावओं के वितरण के लिए प्रयत्नशील है.**

वही चाकघाट अस्पताल में दवाओं का अभाव बता कर रोगियों को प्राइवेट दुकानों में दवा खरीदने के लिए वाध्य किया जा रहा है. यहां के स्टोर प्रभारी के बारे में बताया जाता है कि वे रीवा मुख्यालय से दवा लाने के लिए समय पर उपलब्ध नहीं रहते जिसके कारण शासन से निशुल्क वितरण के लिए मिलने वाली दवाओं का इस अस्पताल में अभाव बना हुआ है. रोगियों के लिए डॉक्टर द्वारा दवा की पर्ची लिखी जाती है जिसको प्राप्त करने के लिए लोगों को प्राइवेट दुकानों में जाना पड़ता है. इस संदर्भ में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चाकघाट के प्रभारी डॉ. नीरज चतुर्वेदी ने बताया है कि यहां अस्पताल के लिए दवा लाने के लिए जिन्हें नियुक्त किया गया है उनके द्वारा समय पर दवा लाने के लिए वे जिला स्टोर कार्यालय नहीं जाते. और दवा न होने की वजह से मरीजों को बाहर से मिलने वाली दवा लिखा जाता है. जिसके कारण बाहर से दवा खरीदने के लिए लोगों को बाध्य होना पड़ता है. इस अस्पताल में टिटनेस और कुत्ता काटने पर लगने वाले इंजेक्शन जैसे महत्वपूर्ण दवाओ का भी अभाव बना हुआ है.

# मताधिकार से वंचित करने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है :पाठक

नवभारत न्यूज

**रीवा, 16 नवम्बर, मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी भोपाल द्वारा एस आई आर के जिला प्रशिक्षण प्रभारी धर्मेन्द्र पाठक के मुख्य आतिथ्य प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया.**

जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष इंजी0 राजेन्द्र शर्मा व शहर अध्यक्ष अशोक पटेल तथा जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त प्रशिक्षक प्रदीप अवस्थी के विशेष उपस्थिति में प्रशिक्षण

शिविर का आयोजन उर्रहट स्थित जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में आयोजित किया गया. जिसमें रीवा शहर के ब्लॉक बोदाबाग, चिरहुला एवं ढेकहा के मण्डलम्, सेक्टर के अध्यक्ष तथा एवं बी एल ए को प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से शिविर का आयोजन किया गया. प्रशिक्षण शिविर के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए धर्मेन्द्र पाठक ने कहा कि निर्वाचन आयोग ने एस आई आर का जो तौर तरीका अपनाया है वह इतना जटिल है कि अगर हमने सावधानी नही बरती तो आने वाले समय में अपने मताधिकार से वंचित हो जावेगें. ऐसा लगता है कि भारतीय जनता पार्टी और आर एस एस के इशारे पर इस जटिल प्रक्रिया को मतदाताओं के ऊपर थोपकर उन्हें संविधान मे प्रदत्त मताधिकार से वंचित करने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है. जिला संगठन मंत्री रवि तिवारी, शहर संगठन मंत्री सज्जन पटेल, बृजवासी प्रसाद मिश्रा, हर्षलाल शुक्ला, नर्मदेश्वर पाठक आदि मौजूद रहे.